ont>

Title: Need to upgrade the old Kanpur Railway Station as a major station- Laid.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर): अध्यक्ष महोदय, कानपुर के चन्दारी रेलवे स्टेशन से कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन तक दिल्ली व हावड़ा के बीच की गाड़ियां सिंगल ट्रेक में चलती हैं, इसके कारण दिल्ली एवं हावड़ा के बीच यातायात बाधित होता है तथा शहर की रेलवे क्रांसिग बंद होने से शहर का यातायात भी बाधित होता है। इसका एक ही उपाया है चन्दारी रेलवे स्टेशन से पुराने कानपुर रेलवे स्टेशन होते हुए सवारी गाड़ियां भी पास की जायें, पुराने कानपुर स्टेशन को विकसित करके दिल्ली और हावड़ा के बीच का प्रमुख स्टेशन बना दिया जाये तथा शेा दिशाओं की गाड़ियां कानपुर सेंट्रल स्टेशन से पास होती रहें। इसी तरह मन्धना स्टेशन से पनकी स्टेशन को रेलवे लाईन द्वारा जोड़ दिया जाये, जिससे कानपुर शहर के बीच में पड़ने वाली 13 रेलवे क्रांसिग स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।

कृपया रेल मंत्रालय को इस आशय का कदम उठाने के लिए निर्देशित करने का कट करें।